(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार को इस आशय के प्रस्ताव प्राप्त हुए है; यदि हां, तो उन प्रतिनिधियों के नाम क्या-क्या हैं; और

(घ) इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य और खेल विभाग) में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुकुल वासनिक) : (क) जी, हां। खेलों के संवर्धन के लिए हिमाचल प्रदेश में एक स्कूल का चयन किया गया है ;

(ख) से (घ) शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार की सिफारिश पर भारतीय खेल प्राधिकरण पर भारतीय खेल प्राधिकरण ने खेलों के विकास के लिए वर्ष 1987 में राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता योजना के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक स्कूल, माजरा, हिमाचल प्रदेश को अपनाया है। योजना के अंतर्गत राज्य से चुने गए छः बच्चों को स्कूल में दाखिल किया गया है।

नवोदय विद्यालयों का खोला जाना

1131. श्री महेश्वर सिंह : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को देश में नये नवोदय विद्यालय खोलने हेतु विभिन्न राज्यों की ओर से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों के राज्य-वार नाम क्या-क्या हैं जो नवोदय विद्यालय स्थापित किए जाने के संबंध में सरकार के विचाराधीन हैं और उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां इस वर्ष नये नवोदय विद्यालयों की स्थापना की गई ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) जी, हां। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा दी गई सूचना के अनुसार राज्यवार जिलों के नामों को, जहां 1993–94 के दौरान नवोदय विद्यालयों का प्रस्ताव किया गया खोले गए हैं, दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है। (**नीचे देखिए**)। नवोदय विद्यालय तभी खोले जाते हैं जब सम्बंधित राज्य सरकार पर्याप्त और उपयुक्त भूमि, समिति द्वारा अपना भवन बना लिए जाने तक विद्यालयों को चलाने के लिए कम से कम 2–3 वर्षों के लिए अस्थायी आवास और अन्य अवसंरचनात्मक सुविधायें उपलब्ध करा देती हैं।

विवरण

1993–94 के दौरान खोले जाने के लिये स्वीकृत/प्रस्तावित नवोदय विद्यालयों/ जिलों के नाम

क्र० सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	जिलों का नाम	
		स्वीकृत	प्रस्तावित
1.	असम	1. नालाबाडी 2. कामरूप	1. शिवसागर
2.	आन्ध्र प्रदेश	3. महबूबनगर	2. हैदराबाद
3.	अरूणाचल प्रदेश	4. त्वांग	3. लोअर सुबंसिरि 4. पश्चिमी सियांग

1	2	3	4
4.	बिहार	5. भुभआ	5. पूर्वी चंपारन
		6. गोपालगंज	6. साहिबगंज
			7. मधेपुरा
			8. हजारीबाग
			9. खगारिया
5.	गुजरात	7. पंचमहल	
6.	हरियाणा		10. अम्बाला
			11. करनाल
7.	केरल	8. कोल्लम	
8.	कर्नाटक	9. दक्षिण कन्नड	
		10. बंगलूर शहरी	
9.	मध्य प्रदेश	11. शाजापुर	
		12 बालाघाट	
		13. ग्वालियर	
10.	महाराष्ट्र	14. रायगढ़	12. शोलापुर
			13. वृहत्तर बम्बई
			14. सतारा
			15. पुणे
			16. अकोला
11.	मेघालय	15. पश्चिमी खासीहिल्स	17. रिभोई
			18. फोक
12.	नागालैंड		19. मीन
13.	उड़ीसा		20. पुरी
14.	उत्तर प्रदेश		21. पौड़ी-गढ़वाल
			22. बांदा
			23. रामपुर
			24. प्रतापगढ़
			25. देहरादून
			26. सोनभद्र
			27. फिरोजाबाद
			28. महाराजगंज
			29. जालौन